

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप 2025

# भारत का जीत से आगाज

## ग्रुप एच के पहले मुकाबले में नेपाल को 45-18, 45-17 से हराया

**चेन्नई, 6 अक्टूबर।** बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप 2025 के उद्घाटन दिवस पर भारत ने सुहंदिनाता कप के मिश्रित टीम इवेंट में शानदार शुरुआत की।

**उन्नति और तन्वी ने महिला एकल में दिखाया दम**

द्वितीय वरीयता प्राप्त भारत ने ग्रुप एच के अपने पहले मुकाबले में नेपाल को 45-18, 45-17 से आसानी से हरा दिया। वहीं, श्रीलंका ने यूएई के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 30-45, 45-34, 45-44 से जीत दर्ज कर वापसी की।

पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक जोड़ी भार्गव राम अरिगेला और विश्वा तेज गोब्बुरु ने पुरुष युगल में कबीर केसी और सुप्रिम पर 9-3 से जीत हासिल कर भारत को मजबूत शुरुआत दी। कन्या एकल में उन्नति हूडा और एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप ब्रॉन्ज मेडलिस्ट तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि पुरुष एकल में सूर्यांश रावत और रौनक चौहान ने बिना किसी संघर्ष के जीत दर्ज की।


भारत मंगलवार को श्रीलंका से और बुधवार को यूएई से भिड़ेगा।

**प्रारंभिक सत्रों के अन्य परिणाम**

**ग्रुप बी-** फ्रांस ने नॉर्वे को 45-16, 45-24 से; अमेरिका ने वियतनाम को 45-42, 45-30 से हराया।
**ग्रुप डी-** तुर्की ने युगांडा को 45-22, 45-22 से; चीन ने घाना को 45-14, 45-10 से।
**ग्रुप ई-** चाइनीज ताइपे ने ब्राजील को 45-24, 45-19 से; डेनमार्क ने नेदरलैंड्स को 45-40, 45-22 से।
**ग्रुप एफ-** इंडोनेशिया ने फिलीपींस को 45-17, 45-40 से; हांगकांग चाइना ने स्लोवेनिया को 45-24, 45-25 से।
**ग्रुप जी-** पोलैंड ने भूटान को 45-13, 45-11 से; कोरिया ने हंगरी को 45-22, 45-29 से।

# अंकुशिता और अरुंधति ने जीते स्वर्ण पदक

## चेन्नई में बीएफआई कप में महिला और पुरुषों का शानदार प्रदर्शन



**चेन्नई, 06 अक्टूबर (वार्ता) पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो और अरुंधति चौधरी चेन्नई में आयोजित पहले बीएफआई कप 2025 के महिला फाइनल में शानदार प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहीं।**

अंकुशिता (असम) ने अपनी विशिष्ट आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए (60-65 किग्रा) वर्ग में राजस्थान की पार्थवी ग्रेवाल को 3-2 से हराया, जबकि अरुंधति (सर्विसेज) ने (65-70 किग्रा) भार वर्ग में स्नेहा (एआईपी) को 5-0 से हराकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। परवीन हुड्डा (साई) ने भी (57-60 किग्रा) फाइनल में प्रिया (हरियाणा) को 3-2 से हराकर जीत हासिल की और एलीट महिला प्रतियोगिता ने सभी दस भार वर्गों में अपनी चैंपियन का ताज पहनाया।

> पुरुष वर्ग में, एस. विश्वनाथ (सर्विसेज) ने (47-50 किग्रा) भार वर्ग में गोपी मिश्रा (सर्विसेज) को 5-0 से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। अमित पंघाल (सर्विसेज) को (50-55 किग्रा) सेमीफाइनल में टीम के ही आशीष (सर्विसेज) से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (सर्विसेज) ने (55-60 किग्रा) मुकाबले में मितेश देसवाल (रेलवे) को 5-0 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।



# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रव्यापी पदयात्राएं

## हर संसदीय क्षेत्र में 31 अक्टूबर से

**नई दिल्ली, 6 अक्टूबर.** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को देश के सभी जिलों में पदयात्राओं के माध्यम से धूमधाम से मनाएगा। यह केवल स्मरणोत्सव नहीं, बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से जोड़ने वाला राष्ट्रीय आंदोलन बनेगा।

**खेल मंत्रालय ने युवाओं को राष्ट्रीय एकता से जोड़ने की पहल शुरू की**

**सरदार@150 पहल के तहत युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा**

पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेंगी। प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में तीन दिनों तक लगातार आयोजित होने वाली ये यात्राएं सभी जिलों में प्रतिदिन 8 से 10 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। कैबिनेट मंत्री और सांसद इनका नेतृत्व करेंगे.राष्ट्रीय स्तर पर पदयात्रा 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक गुजरात के पटेल के जन्म स्थान करमसद से केवड़िया के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 152 किलोमीटर लंबी होगी। राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी से चुने गए 150 युवा नेता इसमें शामिल होंगे।

> युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने सोमवार को यहां ध्यानचंद स्टेडियम में सरदार@150 एकता दौड़ पहल का शुभारंभ किया। मांडविया ने कहा, %सरदार पटेल ने 560 से अधिक रियासतों को एकजुट कर मजबूत भारत का निर्माण किया। ठीक उसी तरह यह पहल युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्रीय एकता मजबूत करने की दिशा में मोड़ने का प्रयास है।

# संजू बने ईपीएल एम्बेसडर

**मुंबई, 06 अक्टूबर (वार्ता)** भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन को भारत में इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) का आधिकारिक एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम भारतीय उपमहाद्वीप में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए ईपीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

क्रिकेट के मैदान पर अपने गतिशील प्रदर्शन के लिए माने जाने वाले सैमसन से ईपीएल के ब्रांड को बढ़ावा देने और देश भर के प्रशंसकों से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

अपने एम्बेसडर के कर्तव्यों के तहत, सैमसन ने मुंबई में प्रीमियर लीग के एक प्रशंसक जुड़ाव कार्यक्रम के दौरान इंग्लैंड और लिवरपूल के पूर्व स्ट्राइकर माइकल ओवेन से मुलाकात की। इस कार्यक्रम में नेस्को सेंटर में फैन-पार्क शैली की स्क्रीनिंग और सामुदायिक गतिविधियाँ शामिल थीं।




# विंडीज विश्व कप विजेता टीम के सदस्य बर्नार्ड जूलियन का निधन

**केपटाउन 6 अक्टूबर.** वेस्टइंडीज की विश्वकप विजेता टीम के सदस्य और पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का उत्तरी त्रिनिदाद के वाल्सेन शहर में शनिवार को निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। वह वेस्टइंडीज की 1975 की विश्व चैंपियन टीम का हिस्सा थे और उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 24 टेस्ट और 12 एकदिवसीय मैच खेले। क्रिकेट वेस्टइंडीज के अध्यक्ष डॉ. किशोर शालो ने कहा, बर्नार्ड जूलियन के परिवार, मित्रों और प्रियजनों के प्रति हम अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# लक्ष्य सेन और श्रीकांत आर्कटिक ओपन में अग्रणी

## फिनलैंड में आज से शुरू होगा प्रतिष्ठित बैडमिंटन टूर्नामेंट



**नयी दिल्ली 6 अक्टूबर.विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से फिनलैंड के वंता में शुरु हो रहे आर्कटिक ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का नेतृत्व करेंगे।**

वंता स्थित एनर्जिया एरिना में आज से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल ड्रॉ में सेन के साथ श्रीकांत सहित पांच अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी भी शामिल हैं।

पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन पिछले महीने हांगकांग ओपन में 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के अपने पहले फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन चाइना मास्टर्स में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें साल में नौवीं बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी श्रीकांत ने मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में भी जगह बनाई थी। जून में यूएस ओपन जीतने वाले और इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी भी वंता में खेलेंगे। यह भारतीय युवा खिलाड़ी अपने पहले मुकाबले में कुणालवुत वितिदसर्न से भिड़ेगा।

> महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की गैरमौजूदगी में उभरते सितारे तान्या हेमंत और अनमोल खरब भारत का नेतृत्व करेंगी।इस बीच, पेरिस 2024 ओलंपियन तनिषा क्रैस्टो ध्रुव कपिला के साथ मिलकर भारत के मिश्रित युगल अभियान की अगुवाई करेंगी।उल्लेखनीय है कि अभी तक किसी भी भारतीय ने आर्कटिक ओपन में खिताब नहीं जीता है।

# गंभीर ऐंठन से जैनिक सिनर शंघाई मास्टर्स से बाहर

## टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ मैच छोड़ा

**नयी दिल्ली, 6 अक्टूबर.** गत चैंपियन जैनिक सिनर रविवार को शंघाई मास्टर्स 2025 के तीसरे दौर के मुकाबले में नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ गंभीर ऐंठन के कारण चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हो गए और टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

**तीसरे दौर में रिटायर्ड हर्ट**

मुकाबला छोड़ने के समय ग्रीक्सपूर 6-7 (3), 7-5, 3-2 की बढ़त के साथ आगे चल रहे थे। इटली के इस स्टार खिलाड़ी का टूर्नामेंट से बाहर होना उनके समर्थकों के लिए एक बड़ा झटका है, खासकर तब जब वह पिछले साल के चैंपियन थे। तीसरे और निर्णायक सेट की शुरुआत में ही सिनर को ऐंठन की शिकायत होने लगी। अंक लेने के दौरान वह लंगड़ाते हुए असहज दिखे। ग्रीक्सपूर ने इसका फायदा उठाकर सिनर की सर्विस तोड़ी और 3-2 की बढ़त बना ली। इसके तुरंत बाद, मेडिकल जांच के उपरांत, सिनर ने मुकाबले से हटने का फैसला किया और टैलोन ग्रीक्सपूर को वॉकओवर मिल गया।



## एक नजर में




### विवादों में घिरा अमेरिकी चेस खिलाड़ी नाकामुरा

**नई दिल्ली** अमेरिका के स्टार चेस खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा काफी सुर्खियों में हैं. नाकामुरा ने यूएसए बनाम इंडिया चेकमेट टूर्नामेंट में जैसी हरकत की, वो खेल भावना के खिलाफ थी. नाकामुरा अपने दिखावटी जश्न के कारण विवादों में घिर गए हैं. नाकामुरा ने वर्ल्ड चैम्पियन डी गुकेश को हराने के बाद चेस बोर्ड से गुकेश के किंग को उठाया और उसे दर्शकों की ओर फेंक दिया. इस टूर्नामेंट में यूएसए ने भारत को 5-0 से हराया. हिकारू नाकामुरा की ये हरकत कई पूर्व चेस खिलाड़ियों को पसंद नहीं आई. पूर्व चेस वर्ल्ड चैम्पियन व्लादिमीर क्रैमनिक ने नाकामुरा के इस व्यवहार को पूरी तरह असम्मानजनक बताया. रूसी दिग्गज क्रैमनिक ने एक्स पर लिखा, मुझे नहीं पता कि यह बचकाना और बेस्वाद काम क्यों किया गया. शायद इसका मकसद गुकेश को अपमानित करना नहीं था, लेकिन यह सार्वजनिक हरकत विशेष रूप से वर्ल्ड चैम्पियन के खिलाफ अपमानजनक और उकसाने वाली लगती है. व्लादिमीर क्रैमनिक ने कहा कि इस तरह के जश्न शतरंज की गरिमा को गिरा रहे हैं. हिकारू नाकामुरा ने अपनी हरकत पर कोई माफी नहीं मांगी है.

### यह सफलता अनेक लोगों को प्रेरित करेगी : मोदी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल के ऐतिहासिक प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह



सफलता कई लोगों को प्रेरित करेगी। भारत ने इस बार चैंपियनशिप में 10वां स्थान हासिल कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और कुल 22 पदक जीते, जिसमें छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा, हमारे पैरा-एथलीटों का ऐतिहासिक प्रदर्शन! इस साल की वर्ल्ड पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप बहुत खास रही। भारतीय दल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसमें 22 पदक, जिसमें छह स्वर्ण शामिल हैं। हमारे एथलीटों को बधाई। उनकी सफलता कई लोगों को प्रेरित करेगी। मैं हमारे दल के प्रत्येक सदस्य पर गर्व महसूस करता हूं.

एएफसी अंडर-17 महिला कप क्वालीफायर

# 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान

**नयी दिल्ली, 6 अक्टूबर।** भारतीय अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम अलेक्जेंडरसन ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

**भारत ग्रुप जी में किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान से खेलेगा मुकाबले**

**क्वालीफायर टूर्नामेंट 13 से 17 अक्टूबर तक बिश्केक में होगा**

यह क्वालीफायर टूर्नामेंट किर्गिस्तान के बिश्केक में 13 से 17 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम ग्रुप जी में है और उसका मुकाबला 13 अक्टूबर को मेजबान किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से होगा।

दोनों मैच डोलेन मुर्जाकोव स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप विजेता टीमें अगले साल चीन में होने वाले 12 टीमों के फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। अगस्त में भूटान में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप जीतने के बाद भारतीय टीम ने गोवा में स्थानांतरित होने से पहले बेंगलुरु में अपना प्रशिक्षण शिविर जारी रखा।

**टीम**

**गोलकीपर-** मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी, थमीना फातिमा। **डिफेंडर-** एलेना देवी सारंगथेम, अलीशा लिंगदोह, बिनीता होरो, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, जॉयशिनी चानू हुइड्रोम, रितु बदाइक, तानिया देवी टोनम्बम। **मिडफील्डर-** अभिस्ता बसनेट, अनीता डुंगडुंग, बोनिफिलिया शुलाई, जुलान नोंगमाईथेम, प्रीतिका बर्मन, श्वेता रानी, थंडामोनी बास्की। **फॉर्वर्ड-** अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, नीरा चानू लोंगजाम, पर्ल फर्नांडिस, वलैना फर्नांडिस।

# ब्रिट्स के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराया

**इंदौर.** तेज़मिन ब्रिट्स (101)के शानदार शतक और एन म्लाबा (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को महिला एकदिवसीय विश्वकप के सातवें मुकाबले में न्यूजीलैंड को एकतरफा अंदाज में 9.1 ओवर शेष रहते छह विकेट से पीट दिया.

दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड की पूरी टीम को 47.5 ओवर में 231 रन के स्कोर पर समेटने के बाद 40.5 ओवर में चार विकेट पर 234 रन बनाकर दो मैचों में अपनी पहली जीत हासिल की. दूसरी तरफ न्यूजीलैंड को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा. ब्रिट्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 89 गेंदों पर 101 रन में 15 चौके और एक छक्का लगाया. सुने लुस ने भी शानदार प्रदर्शन करते




114 गेंदों पर नाबाद 83 रन में 10 चौके और एक छक्का लगाया. ब्रिट्स और लुस ने दूसरे विकेट के लिए 159 रन की मैच विजयी साझेदारी की. ब्रिट्स को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला.

**राजीव शुक्ला बोले** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बीमार होकर पहुंचे अस्पताल तो बीसीसीआई ने दिया रिएक्शन

# इधर-उधर से कोई संक्रमण आ गया होगा तो हम संभाल रहे हैं

## भोजन एक प्रतिष्ठित होटल से आता है और खाने में कोई समस्या नहीं है

**नई दिल्ली 6 अक्टूबर. भारत के दौरे पर आई ऑस्ट्रेलिया की ए टीम के कुछ खिलाड़ी पिछले दिनों बीमार पड़ गए थे. उनको अस्पताल में भर्ती तक कराने की नौबत आ गई. इसको लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड की तरफ से बयान आया है.**

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि अगर टीम होटल के खाने में कोई समस्या होती, तो सिर्फ ऑस्ट्रेलियाई ही नहीं बल्कि भारतीय खिलाड़ी भी बीमार पड़ते. उन्होंने यह भी जोड़ा कि चार विदेशी खिलाड़ी कहीं और से इनफैक्शन का शिकार हो सकते हैं.

यह घटना भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच दूसरे अनौपचारिक टेस्ट से पहले हुई. मीडियम पेसर हेनरी थॉर्नटन की हालत इतनी बिगड़ गई कि उन्हें रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां उनकी स्थिति स्थिर की गई.

इस घटना ने क्रिकेटरों के लिए खाने और रहने की जगह की क्वालिटी पर चिंता जताई. हालांकि शुक्ला ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि भोजन एक प्रतिष्ठित होटल से आता है और खाने में कोई समस्या नहीं है.




शुक्ला ने मीडिया से बात करते हुए कहा, अगर खाने में कोई समस्या होती, तो सभी खिलाड़ी, जिनमें भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं, बीमार पड़ते. यह कुछ और ही होगा. उन्हें एक बेहतरीन होटल, होटल लैंडमार्क से खाना मिल रहा है; खाना अच्छा है और सभी वही खा रहे हैं. कुछ खिलाड़ी बीमार हो गए हैं. इधर-उधर से कोई संक्रमण आ गया होगा और हम इसे संभाल रहे हैं. समस्या इसलिए उठती है क्योंकि यहां ज्यादा होटल नहीं हैं.

जब उनसे पूछा गया कि भारतीय प्रीमियर लीग में ऐसी समस्याएं क्यों नहीं होतीं, तो बीसीसीआई के उपाध्यक्ष ने समझाया कि आईपीएल फ्रेंचाइजी अपने क्रिकेटरों और स्टाफ के लिए हाई क्वालिटी वाले आवास और भोजन की व्यवस्था करती हैं और यह बीसीसीआई की जिम्मेदारी नहीं होती.

उन्होंने आगे कहा, आईपीएल के मामले में, सब कुछ फ्रेंचाइजी पर निर्भर करता है. वे तय करते हैं कि खिलाड़ी कहां ठहरेंगे और यह पूरी तरह से उनकी पसंद होती है, बीसीसीआई का इसमें कोई भूमिका नहीं होती.

# 9 माह गायब रही डोडिन कोर्ट पर लौटीं

**नई दिल्ली, 6 अक्टूबर.** फ्रांस की टेनिस स्टार ओसियाने डोडिन करीब 9 महीने तक टेनिस कोर्ट से पूरी तरह गायब रहीं. फैन्स और जानकारों के बीच सवाल था- आखिर एक 28 साल की प्रोफेशनल खिलाड़ी अचानक खेल से इतना लंबा ब्रेक क्यों लेगी? अब जब डोडिन फिर से कोर्ट पर लौटी हैं, तो उन्होंने खुद उस राज से पर्दा उठा दिया है.

डोडिन को पिछले कुछ वर्षों से इयर बैलेंस और वर्टिगो (बार-बार चक्कर आने) की समस्या थी. इस दिक्कत ने उनके करियर पर असर डालना शुरू कर दिया था. डॉक्टरों ने उन्हें आराम और इलाज की सलाह दी, और उन्होंने दिसंबर 2024 में टेनिस से ब्रेक लेने का बड़ा फैसला किया, लेकिन यह ब्रेक सिर्फ इलाज के लिए नहीं था.